सुलगता सन्नाटा
इस्लामाबाद में कूटनीति की अंत्येष्टि

लाल अंत
बंदूकों के बाद का सवाल

₹ ~~30/-~~ 20/-

सत्य सदैव

www.satyasadev.com PRGI NO : DELHIN/2017/74560 वर्ष:9, अंक:04, अप्रैल - 2026

निर्भीक, निष्पक्ष एवं निष्ठा के साथ

सत्ता संग्राम



KIRTI TRUST

Compassion • Empowerment • Sustainability

EMPOWERING Lives
BUILDING Futures

CONTACT US

Head Office
M-131 ABL Work Space,
Connaught Place,
New Delhi-110001

Regd. Office
S-505, School Block,
Shakarpur, New
Delhi-110092

Project Office
Village & Post Office Kathura
District Sonipat (Haryana)
PIN- 131301

@kirtitrust
fb.com/kirtitrust
@kirti_trust

www.kirtitrust.org
info@kirtitrust.org

+91-9254-29-3293
+91-9050-29-3293

सत्य सदैव

निर्भीक, निष्पक्ष एवं निष्ठा के साथ

www.satyasadev.com PRGI NO : DELHIN/2017/74560

वर्ष:9, अंक:04, अप्रैल-2026

संपादक	राकेश कुमार
मुख्य कार्यकारी संपादक	श्रीराजेश
प्रबंध संपादक	शिव कुमार माहेश्वरी
उप संपादक	संतु दास, मनोज कुमार
सहायक उप संपादक	विशाल श्योकंद,व्यास तिवारी
विधि संपादक	एडवोकेट राखी शर्मा
कला संपादक	अमर नंदी
मुख्य संवाददाता	प्रवेश शर्मा
जनसंपर्क अधिकारी	संगीता रानी
तकनीक व साइबर हेड	अनुज कुमार सिंह
प्रसार प्रबंधक	नीतिश भारद्वाज
विपणन प्रबंधक	संदीप जिंदल
चार्टर्ड अकाउंटेंट	शिव शंकर झा

ब्यूरो

दीप्तानु दास (अगरतला)	लक्की सिंह (भोपाल)
पंकज मौर्य (लखनऊ)	संजू जोशी (देहरादून)
आशीष कुमार (जयपुर)	अजय शर्मा (श्री नगर)
अमित दास (गुवाहाटी)	नरेश आर्य (शिमला)
तेज सिंह (चंडीगढ़)	अजय कुमार(अहमदाबाद)
जितेन्द्र सिंह (रांची)	श्रीकांत (मुंबई)

संपादकीय व कॉरपोरेट कार्यालय

एस 40, स्कूल ब्लॉक, शकरपुर,
नई दिल्ली-110092

ई-मेलः editor@satyasadev.com

वेबसाइटः www.satyasadev.com

दूरभाषः +91 9050 29 3293

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक हैं। पत्रिका में प्रकाशित आलेखों में व्यक्त विचार पूर्णतः लेखकों के अपने हैं; सत्य-सदैव का उनसे सहमत होना अनिवार्य नहीं है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक **राकेश कुमार** द्वारा मेसर्स आला प्रिंटिंग प्रेस, 3636, कटरा दिना बेग, लालकुआं दिल्ली-110006-से मुद्रित कराकर 19बी, जनता फ्लैट्स, पीरागढ़ी, नई दिल्ली 110041 से प्रकाशित

सुधि पाठकों एवं सम्मानित लेखकों से विनम्र आग्रह है कि वे अपनी प्रतिक्रियाएँ एवं प्रकाशनार्थ रचनाएँ ई-मेल द्वारा editor@satyasadev.com पर प्रेषित करें।

संपादकीय

डिजिटल नियंत्रण ढांचा
चुप्पी की ओर बढ़ता लोकतंत्र

राकेश कुमार, संपादक

आज के डिजिटल युग में पत्रकारिता ने अपनी सबसे जीवंत और लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति सोशल मीडिया और यूट्यूब जैसे मंचों पर पाई है। यह वह क्षेत्र था जहां सीमित संसाधनों वाला एक स्वतंत्र पत्रकार भी सत्ता से सवाल कर सकता था, और नागरिक बिना किसी मध्यस्थ के अपनी बात रख सकता था। लेकिन अब प्रस्तावित डिजिटल नियंत्रण ढांचा इस स्वाभाविक स्वतंत्रता के चारों ओर एक अदृश्य परंतु सख्त घेरा खींचता हुआ दिखाई देता है। सरकार द्वारा लाए जा रहे नियमों का उद्देश्य भले ही फेक न्यूज़, डीपफेक और डिजिटल अराजकता पर नियंत्रण बताया जा रहा हो, लेकिन इसके व्यावहारिक परिणाम कहीं अधिक जटिल और चिंताजनक हो सकते हैं। 'तीन घंटे में कंटेंट हटाने' जैसे प्रावधान प्लेटफॉर्म्स को विवश करेंगे कि वे किसी भी विवादित सामग्री को बिना पर्याप्त जांच के हटा दें। यह स्थिति पत्रकारिता के उस मूल सिद्धांत के विपरीत है, जहां तथ्यों की पुष्टि और बहस का समय आवश्यक होता है। परिणामस्वरूप, प्लेटफॉर्म 'सुरक्षित' रहने के लिए आलोचनात्मक और असुविधाजनक सामग्री को भी हटाने लगेंगे।

यहीं से पत्रकारिता पर दबाव का वास्तविक तंत्र शुरू होता है। यह दबाव प्रत्यक्ष सेंसरशिप के रूप में नहीं, बल्कि एक 'चिलिंग इफेक्ट' के रूप में सामने आएगा- जहां पत्रकार स्वयं ही अपने विषयों और भाषा को सीमित करने लगेंगे। सरकार की नीतियों की तीखी आलोचना, वैकल्पिक दृष्टिकोण, या संवेदनशील मुद्दों पर रिपोर्टिंग धीरे-धीरे कम होती जाएगी। ऊपर से सब कुछ सामान्य दिखेगा, लेकिन भीतर ही भीतर अभिव्यक्ति की धार कुंद हो चुकी होगी।

सबसे गंभीर चिंता यह है कि ऐसे कानून ' टारगेटेड सप्रेशन' के उपकरण में बदल सकते हैं। जब 'आपत्तिजनक' या 'भ्रामक' सामग्री की परिभाषा अस्पष्ट हो, तो उसका उपयोग चयनात्मक रूप से किया जा सकता है। सत्ता के अनुकूल कथानक सुरक्षित रहेंगे, जबकि असहज सवाल उठाने वाली आवाज़ें अधिक जांच और कार्रवाई के दायरे में आएंगी। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के उस मूल तत्व को कमजोर करती है, जिसमें असहमति को स्थान दिया जाता है।

अंततः प्रश्न यह नहीं है कि कानून क्यों लाया जा रहा है, बल्कि यह है कि वह किस दिशा में समाज को ले जाएगा। यदि नियंत्रण का यह ढांचा संतुलित और पारदर्शी नहीं रहा, तो डिजिटल भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एक अधिकार कम और एक नियंत्रित विशेषाधिकार अधिक बनकर रह जाएगी। ●

शब्दचित्र

नियति का शंखनाद

श्रीराजेश
मुख्य कार्यकारी संपादक

यह वसंत की वेला भारत के राजनैतिक मानचित्र पर केवल ऋतु परिवर्तन का संदेश लेकर नहीं आई है, अपितु यह उन पांच राज्यों के भाग्य-निर्धारण का वह कालखंड है, जिसकी पदचाप दिल्ली के सत्ता-गलियारों को आंदोलित कर रही है। इस चुनावी दंगल में सभी पक्ष अपनी पूरी सामरिक क्षमता के साथ सन्नद्ध हैं। यह मात्र सत्ता का हस्तांतरण नहीं, अपितु विचारधाराओं का वह भीषण घर्षण है जो भविष्य की भारतीय राजनीति की नई दिशा और दशा तय करेगा। इन पांचों राज्यों में सर्वाधिक चर्चा, कौतूहल और विभीषिका का केंद्र 'पश्चिम बंगाल' बना हुआ है। प्रश्न वही है जो पिछले एक दशक से अनुत्तरित है - क्या ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल अपना अजेय दुर्ग बचा पाएगी, या भारतीय जनता पार्टी की केसरिया लहर इस बार गंगा के तटों पर सत्ता का नया इतिहास अंकित करेगी?

पश्चिम बंगाल की राजनीति आज उस मोड़ पर खड़ी है जहां स्मृतियां और महत्वाकांक्षाएं परस्पर टकरा रही हैं। पूरब का यह राज्य भाजपा की अखिल भारतीय चुनावी विजय के रथ के सम्मुख एक सुदृढ़ प्राचीर बनकर खड़ा है। 294 विधानसभा सीटों के इस विशाल रणांगण में युद्ध अब द्वि-ध्रुवीय है - तृणमूल कांग्रेस बनाम भाजपा। इस महासमर का सबसे रोमांचकारी पक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और प्रतिपक्ष के सेनापति शुभेंदु अधिकारी के बीच का व्यक्तिगत द्वंद्व है। भवानीपुर की गलियों से नंदीग्राम के ग्रामीण अंचलों तक, बिसात बिछ चुकी है। जहां तृणमूल 'लक्खी भंडार' की खनक और 'घोरेर मेये' (घर की बेटी) के नैरेटिव से अपनी जड़ें सींच रही है, वहीं भाजपा भ्रष्टाचार की 'चार्जशीट' और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के वज्र से प्रहार कर रही है। मालदा के उग्र प्रदर्शन और निर्वाचन आयोग की एसआईआर मुहिम ने इस संघर्ष को तकनीकी जटिलता से निकालकर लोकतांत्रिक शुचिता के प्रश्न में परिवर्तित कर दिया है। ब्रह्मपुत्र की लहरों पर भी महत्वाकांक्षाओं का ज्वार है। असम में 9 अप्रैल को मतदान की प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है, किंतु तटों पर व्याप्त सन्नाटा अत्यंत रहस्यमयी है। यह हिमंत बिस्वा सरमा और गौरव गोगोई की प्रतिष्ठा का वह युद्ध है, जहां तर्क मौन हो जाते हैं और केवल परिणाम बोलते हैं। बिहू के उत्सव से पूर्व मतपेटियों में बंद हुई जन-आकांक्षाओं ने इस निर्वाचन को एक 'क्लासिक थ्रिलर' का स्वरूप प्रदान कर दिया है। भाजपा का सांगठनिक दुर्ग और कांग्रेस की 'असमिया उप-राष्ट्रीयता' की पुनर्स्थापना के मध्य, डिजिटल अस्त्रों और प्रत्यक्ष लाभ की योजनाओं का प्रभाव ही भावी सत्ता का मार्ग प्रशस्त करेगा।

दक्षिण की ओर दृष्टि डालें तो पुदुच्चेरी के शांत समुद्र तटों पर रसोई गैस की आंच एक अदृश्य राजनैतिक रोष बन चुकी है। 30 सीटों का यह लघु केंद्र शासित प्रदेश 'डबल इंजन' सरकार के दावों की कठोर परीक्षा ले रहा है। वहीं, तमिलनाडु में द्रविड़ अस्मिता का महासंग्राम एक अभूतपूर्व मोड़ पर खड़ा है। मुख्यमंत्री स्टालिन के 'संघीय नैरेटिव' को अभिनेता विजय की नई राजनैतिक शक्ति और आंतरिक विभीषिका से जूझती अन्नाद्रमुक से कड़ी चुनौती मिल रही है। केरलम में वामपंथ अपनी राष्ट्रीय प्रासंगिकता की अंतिम शरणस्थली को बचाने के लिए संघर्षरत है, जहां अल्पसंख्यक समीकरणों का ध्रुवीकरण और भाजपा का बढ़ता प्रभाव पारंपरिक राजनैतिक धुरी को विस्थापित करने की सामर्थ्य रखता है।

पश्चिम बंगाल के गंगा-तटों से लेकर तमिलनाडु के हिंद महासागर तक, क्षेत्रीय अस्मिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं का यह घर्षण नवीन भारत का राजनैतिक डीएनए गढ़ रहा है। कल्याणकारी योजनाओं की खनक और सांस्कृतिक गौरव के स्वर तय करेंगे कि आगामी दशकों में देश के लोकतंत्र की वास्तविक परिभाषा क्या होगी।

4 मई 2026 की भोर जब नियति पिटारा खोलेगी, तो राख के नीचे से जो नई राजनैतिक व्यवस्था उभरेगी, वह भारत के संघीय ढांचे और सत्ता-संतुलन की नई परिभाषा होगी। पश्चिम बंगाल की अस्मिता से लेकर केरलम के सिद्धांतों तक, यह निर्वाचन केवल मुख्यमंत्री तय नहीं करेगा, बल्कि 2029 के लोकसभा चुनावों के लिए एक वैचारिक 'ब्लूप्रिंट' भी तैयार करेगा। यह युद्धों का अंत नहीं, अपितु एक नए भारत की पदचाप है, जहां पहचानें अब आसमान से नहीं, बल्कि मिट्टी से तय होंगी।

वसंत की बयार इस बार केवल प्रकृति का श्रृंगार नहीं, अपितु उन पांच राज्यों के भाग्य-निर्धारण की प्रस्तावना है, जिसकी गूंज इंद्रप्रस्थ के सिंहासन को स्पंदित कर रही है। यह मात्र निर्वाचन नहीं, अपितु भारतीय राजनीति के भविष्य का निर्णायक वैचारिक प्रतिवेदन है।

इस अंक में खास...

आवरण कथा

14 सत्ता संग्राम

04

सुलगता सन्नाटा

इस्लामाबाद की मेज पर बिखरी कूटनीतिक रिक्तता ने मध्य-पूर्व के क्षितिज पर पुनः युद्ध के बादलों को सघन कर दिया है। अमेरिका-ईरान वार्ता की यह विफलता भारत के लिए केवल एक आर्थिक संकट नहीं, बल्कि उसकी रणनीतिक स्वायत्तता की अंतिम और निर्णायक कसौटी है।

08

रसोई का संकट

पश्चिम एशिया के रक्तवर्ण क्षितिज से उठी युद्ध की लपटों ने दिल्ली की रसोइयों को शीतलता और धुएं के आगोश में धकेल दिया है। आधुनिकता का उज्ज्वल स्वप्न आज हॉर्मुज जलडमरूमध्य के सामरिक अवरोधों और खाली सिलेंडरों की लंबी कतारों के बीच दम तोड़ रहा है।

लाल अंत

दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एआई सम्मेलन केवल तकनीकी आयोजन नहीं था, बल्कि उस बदलते वैश्विक समीकरण का संकेत था जिसमें भारत उपभोक्ता नहीं, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के भविष्य का निर्माता बनने की आकांक्षा के साथ विश्व मंच पर उभर रहा है।

24

रॉकेट फोर्सः युद्ध का नया व्याकरण 26

डिजिटल विद्रुपता... 30

थोरियम का शंखनाद 32

बिहार में नया 'सम्राट' 34

आकाश की विवशता 36

अंबर के आलिंगन का महाभ्यास.....40

44

कृति का गेम चेंज!

हीरोइन या 'लेडी बॉस'

इस्लामाबाद में कूटनीति की अंत्येष्टि

सुलगता सन्नाटा

इस्लामाबाद की मेज पर बिखरी कूटनीतिक रिक्तता ने मध्य-पूर्व के क्षितिज पर पुनः युद्ध के बादलों को सघन कर दिया है। अमेरिका-ईरान वार्ता की यह विफलता भारत के लिए केवल एक आर्थिक संकट नहीं, बल्कि उसकी रणनीतिक स्वायत्तता की अंतिम और निर्णायक कसौटी है।



28 फरवरी को प्रारंभ हुई वह विभीषिका, जिसने समूचे पश्चिम एशिया को बारूद की गंध और रक्तवर्ण आकाश में विलीन कर दिया था, आज एक अत्यंत भयावह मोड़ पर खड़ी है। 12 अप्रैल इतिहास के पन्नों में उस कूटनीतिक विफलता के रूप में अंकित की जाएगी, जिसने वैश्विक शांति की आशाओं को इस्लामाबाद के गलियारों में दफन कर दिया। पाकिस्तान की मध्यस्थता में आयोजित अमेरिका और ईरान के बीच की 'अस्थायी शांति वार्ता' बिना किसी ठोस नतीजे के समाप्त हो गई है। जिसे दुनिया एक 'रणनीतिक विराम' समझ रही थी, वह अंततः महायुद्ध के अगले और अधिक विनाशकारी चरण की प्रस्तावना सिद्ध हुई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का बिजली और ऊर्जा संयंत्रों पर हमलों को रोकने का एकतरफा ऐलान और उसके बाद वार्ता की मेज का खाली रह जाना, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति की एक ऐसी पराजय है, जिसकी गूँज अब तेल के कुओं से लेकर परमाणु संयंत्रों तक सुनाई देगी।

ट्रम्प का 'ट्रुथ' और बाजार का उन्माद

डोनाल्ड ट्रम्प की कूटनीति अब अंतरराष्ट्रीय संधियों की गरिमा के बजाय उनके 'ट्रूथ सोशल' के टूटे-फूटे वाक्यांशों और हिज्जों की त्रुटियों में प्रतिध्वनित होती है। उनकी अजब-गजब फितरत ने समूचे विश्व की धड़कनों को अनिश्चित बना दिया है। जब ट्रम्प ने पोस्ट किया कि 'ईरान के एक सम्मानित नेता के साथ खुशनुमा बातचीत जारी है,' तो अमेरिकी शेयर बाजार ने 20 खरब डॉलर की लंबी छलांग लगाई। किंतु, यह उल्लास क्षणभंगुर रहा।

जैसे ही ईरान की मजलिस के अध्यक्ष मुहम्मद बगेर घालीबाफ ने इसे वाशिंगटन की 'छटपटाहट' और 'फर्जी खबर' बताकर खारिज किया, बाजार 10 खरब डॉलर के गहरे गर्त में जा गिरा। यह उतार-चढ़ाव केवल पूंजी का क्षरण नहीं, बल्कि उस वैश्विक घबराहट का प्रतिबिंब है जो दिखाती है कि एक महाशक्ति की साख अब कितनी जर्जर हो चुकी है। बाजार इस आशंका से अस्थिर हैं कि हॉर्मुज के रास्ते ऊर्जा आपूर्ति में होने वाला व्यवधान अब दीर्घकालिक होने वाला है।

राकेश कुमार

इस्लामाबाद की बिसात: 10 बनाम 15 अंक

वार्ता की विफलता का मुख्य कारण उन 'अंकों' में निहित था, जो दोनों पक्षों ने मेज पर रखे थे। ट्रम्प का 15-सूत्रीय प्रस्ताव जहां ईरान के पूर्ण निरस्त्रीकरण, यूरेनियम संवर्धन पर स्थायी रोक और बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के विसर्जन की मांग कर रहा था, वहीं ईरान का 10-सूत्रीय 'कार्यकारी आधार' संप्रभुता के नए समीकरण गढ़ रहा था।

तेहरान की मांगें किसी पराजित राष्ट्र की नहीं, बल्कि एक 'प्रतिरोध की धुरी' की हुंकार थीं - अक्रामकता पर पूर्ण विराम, हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर स्थायी ईरानी नियंत्रण, और लेबनान में जारी युद्ध का अंत। ईरान द्वारा हॉर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से 'पारगमन शुल्क' वसूलने की मांग ने वाशिंगटन के उस वैश्विक प्रभुत्व को चुनौती दी है, जिसे उसने दशकों से अक्षुण्ण रखा था।

आर्थिक महाप्रलय: तेल, यूरिया और 'मागा' का संकट

जंग की आंच अब हॉर्मुज से निकलकर अमेरिका के आयोवा और भारत के सूरत तक पहुंच चुकी है। ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें, जो जंग से पूर्व 65 डॉलर के आसपास थीं, अब 120 डॉलर के पार जा चुकी हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि यदि तनाव और बढ़ा, तो यह आंकड़ा 200 डॉलर प्रति बैरल के उस विनाशकारी स्तर को छू लेगा, जहां से वैश्विक मंदी का मार्ग प्रशस्त होता है।

सबसे भयावह संकट 'युद्ध की थाली' में दिख रहा है। प्राकृतिक गैस की ऊंची कीमतों ने यूरिया के उत्पादन को संकट में डाल दिया है। अमेरिका का वह किसान, जो ट्रम्प के 'मागा' आंदोलन का मेरुदंड है, आज आयोवा के खेतों में खाद के नाइट्रोजन संकट से जूझ रहा है। ट्रम्प के लिए यह युद्ध अब चुनावी विवशता बन चुका है। यदि खाद का संकट अनाज के अकाल में बदला, तो नवंबर के मध्यावधि चुनाव उनके लिए 'राजनैतिक अंत्येष्टि' सिद्ध हो सकते हैं।

भारत के लिए कूटनीतिक अग्निपरीक्षा

भारत के लिए इस वार्ता की विफलता के प्रभाव दोहरे और अत्यंत जटिल हैं। एक ओर ऊर्जा सुरक्षा का संकट है, जहां भारत अपनी तेल जरूरतों का 80 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। आपूर्ति बाधित होने से घरेलू बाजार में महंगाई का अनियंत्रित होना सुनिश्चित है। दूसरी ओर, चाबहार बंदरगाह परियोजना, जो मध्य एशिया तक पहुंचने का भारत का गेटवे है, अब कड़े अमेरिकी प्रतिबंधों के साये में पुनः अधर में लटक गई है।

किंतु, इस विफलता ने भारत के लिए कूटनीतिक अवसर के द्वार भी खोले हैं। पाकिस्तान की मध्यस्थता विफल होने के बाद अब वैश्विक समुदाय की नजरें नई दिल्ली पर टिकी हैं। भारत के संबंध वाशिंगटन और तेहरान - दोनों के साथ ऐतिहासिक और संतुलित हैं। वाशिंगटन को अब यह एहसास हो सकता है कि पाकिस्तान के बजाय भारत एक अधिक विश्वसनीय और प्रभावी मध्यस्थ सिद्ध हो सकता है। यह स्थिति भारत को अमेरिका के साथ व्यापारिक और रक्षा सौदों के लिए एक उच्च 'बार्गेनिंग पावर' प्रदान करती है।

सैन्य मिथकों का विखंडन और परमाणु प्रसार

इस युद्ध ने उस मिथक को ध्वस्त कर दिया है कि पश्चिमी तकनीक को कोई चुनौती नहीं दी जा सकती। पेंटागन की वह पुष्टि, जिसमें ईरान द्वारा एफ-35 और एफ-16 विमानों को मार गिराने की बात कही गई, आधुनिक सैन्य इतिहास का सबसे बड़ा 'शॉक' है। इजराइल के अति-गोपनीय परमाणु संयंत्र वाले डिमोन और

अराद शहरों में ईरानी मिसाइलों की तबाही ने यह स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिकी-इजराइली सुरक्षा कवच अब अभेद्य नहीं रहा।

वार्ता विफल होने का अर्थ यह भी है कि ईरान परमाणु समझौता (जेसीपीओए) अब इतिहास बन चुका है। तेहरान अब यूरेनियम संवर्धन की गति को बढ़ा सकता है, जिससे क्षेत्र में परमाणु हथियारों की होड़ शुरू होने का खतरा है। यह स्थिति सऊदी अरब और इजराइल जैसे देशों को अस्तित्वगत सुरक्षा के लिए और अधिक आक्रामक कदम उठाने पर विवश करेगी।

पेट्रो-युआन और भू-राजनैतिक विस्थापन

सबसे घातक प्रहार डॉलर के साम्राज्य पर हुआ है। ईरान ने शर्त रखी है कि तेल और गैस का सौदा अब 'पेट्रो-युआन' में होगा। आठ राष्ट्रों की रजामंदी डॉलर के वर्चस्व के ताबूत में आखिरी कील की तरह है। ट्रम्प द्वारा उन देशों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी, जो ईरान को हथियार दे रहे हैं, असल में इसी 'वित्तीय विद्रोह' को दबाने की एक निष्फल कोशिश है। 2026 का ईरान अब रूस और चीन की जुगलबंदी के साथ खड़ा है, जो 'पेट्रो-डॉलर' के विकल्प को वास्तविकता बना रहे हैं।

लेबनान: वह शांति जो वहां नहीं है

संधि-विराम के विज्ञापनों के बीच लेबनान की हकीकत हृदयविदारक है। बेका घाटी के शमेस्तर गांव में एक जनाजे पर इजराइली बमबारी और टायर शहर के केंद्र में गिरे मिसाइल चीख-चीख कर कह रहे हैं कि 'यहां कोई सीजफायर नहीं है।' इजराइल ने स्पष्ट कर दिया है कि उसका ईरान के साथ समझौता लेबनान के हिज्बुल्लाह पर लागू नहीं होता। यह 'चयनात्मक शांति' दिखाती है कि युद्ध का व्याकरण अब रणनीतिक लक्ष्यों के आधार पर लिखा जा रहा है।

राख के नीचे दबी नई दुनिया

इस्लामाबाद वार्ता की विफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मध्य-पूर्व का मुद्दा पाकिस्तान जैसे देशों की मध्यस्थता से सुलझने वाला नहीं है। खर्ग द्वीप पर कब्जे के लिए रवाना हुए 3,000 अमेरिकी मैरीन्स की पदचाप और वार्ता की मेज पर बिखरा सन्नाटा, एक बड़े वैश्विक संकट की ओर संकेत कर रहे हैं।

भारत के लिए यह समय 'सतर्कता के साथ अवसर' का है। उसे अब अपनी 'पश्चिम एशिया नीति' को और अधिक सक्रिय करना होगा। मार्च 2026 की यह युद्ध-ज्वाला जब शांत होगी, तो राख के नीचे से जो नई दुनिया निकलेगी, उसमें न तो अमेरिका की वैसी अजेयता होगी और न ही डॉलर का वैसा एकछत्र राज। दुनिया ने देख लिया है कि जंग दो की हो, तबाही सबकी होती है। ●

रसोई का संकट

खाली सिलेंडर, लंबी कतारें

पश्चिम एशिया के रक्तवर्ण क्षितिज से उठी युद्ध की लपटों ने दिल्ली की रसोइयों को शीतलता और धुएं के आगोश में धकेल दिया है। आधुनिकता का उज्ज्वल स्वप्न आज हॉर्मुज जलडमरूमध्य के सामरिक अवरोधों और खाली सिलेंडरों की लंबी कतारों के बीच दम तोड़ रहा है।

सत्य सदैव ब्यूरो

दिल्ली के कई मोहल्लों में सूर्योदय की पहली किरण फूटने से बहुत पहले ही कतारें अपनी जड़ें जमा लेती हैं। भोर के चार बजते-बजते, जब शहर का एक बड़ा हिस्सा गहरी निद्रा में होता है, गैस वितरकों के द्वारों पर एक भिन्न प्रकार का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। इस कतार में कोई भेद नहीं है - दिहाड़ी मजदूर, गृहणियां, रेहड़ी-पटरी वाले और छोटे रेस्तरां संचालक, सभी की आंखों में एक ही व्याकुलता हैः एक सिलेंडर की प्राप्ति। इनमें से अधिकांश लोग दोपहर तक खाली हाथ, थके हुए कदमों के साथ वापस लौट जाते हैं। यह केवल ईंधन की कमी नहीं है, बल्कि एक महानगरीय सभ्यता के विश्वास का टूटना है।

रसोई गैस की अनुपस्थिति में घरों के भीतर जो दृश्य उभर रहे हैं, वे समय के चक्र को पीछे घुमाने जैसा अनुभव कराते हैं। दिल्ली की आधुनिक कॉलोनियों के पड़ोस में स्थित बस्तियों में परिवार संसाधनों को एकत्रित कर सामूहिक रसोई का सहारा ले रहे हैं। कहीं कोयले की अंगीठी सुलग रही है, तो कहीं जलाऊ लकड़ी और उपलों (गोबर) का उपयोग कर भोजन पकाने का आदिम प्रयास किया जा रहा है। दो वक्त की रोटी सुनिश्चित करना अचानक एक थका देने वाला दैनिक संग्राम बन चुका है।

आंकड़ों का शिखर और यथार्थ की ढलान

राजधानी के कुछ हिस्सों में उभर रहे ये दृश्य भारत की ऊर्जा नीति के पिछले एक दशक के पथ के बिल्कुल विपरीत खड़े हैं। देश में आज घरेलू एलपीजी कनेक्शनों की संख्या 32.83 करोड़ से अधिक है, जो 2014 के 14.52 करोड़ से एक लंबी छलांग थी। यह स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन तक व्यापक पहुंच का एक गौरवशाली अध्याय था। किंतु, वर्तमान व्यवधान ने इस उपलब्धि पर अनिश्चितता का कुहासा फैला दिया है।

इस संकट की जड़ें पश्चिम एशिया के उस ज्वालामुखी में निहित हैं, जो 28 फरवरी 2026 को फटा था। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए व्यापक हमलों ने तेहरान को जवाबी कार्रवाई के लिए विवश किया, जिसके परिणामस्वरूप

फारस की खाड़ी में जहाजों की आवाजाही पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए गए। ईरान ने इजराइल और खाड़ी के अमेरिकी समर्थक देशों पर हमले तेज कर दिए हैं, जिससे वाणिज्यिक नौवहन के मन में गहरा भय व्याप्त हो गया है।

हॉर्मुज: वैश्विक अर्थव्यवस्था की महाधमनी

इस व्यवधान के केंद्र में 'हॉर्मुज जलडमरूमध्य' है - ईरान और ओमान के बीच का वह संकरा समुद्री मार्ग जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। विश्व की लगभग पांचवां हिस्सा तेल और गैस की आपूर्ति इसी मार्ग से होती है। भारत के लिए यह जलमार्ग किसी 'महाधमनी' से कम नहीं है। देश के कच्चे तेल के आयात का लगभग 40-50 प्रतिशत, तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का आधा हिस्सा और एलपीजी खेप का एक बड़ा भाग इसी संकरे मार्ग से होकर गुजरता है।

नई दिल्ली जैसे शहरों में रसोई गैस की आपूर्ति में अचानक आई कमी इसी सामरिक जकड़न का परिणाम है। घरों में 'पैनिक बाइंग' (घबराहट में खरीद) बढ़ गई है, जबकि रेस्तरां और सड़क किनारे भोजन बेचने वाले, जो पूरी तरह से 19 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडरों पर निर्भर हैं, सबसे भीषण मार झेल रहे हैं। कई भोजनालयों ने या तो अस्थायी रूप से शटर गिरा दिए हैं या अपने परिचालन को न्यूनतम स्तर पर ले आए हैं। हॉस्टलों और कैंटीनों में भोजन की राशनिंग शुरू हो गई है।

नदिया और मिट्टी के चूल्हे की त्रासदी

ओखला फेज 2 की एक तंग और भीड़भाड़ वाली झुग्गी बस्ती में, जहां छोटे-छोटे घर एक-दूसरे से सटे हुए हैं, ढांचों के बीच का एक खुला टुकड़ा 'साझा रसोई' में तब्दील हो गया है। यहाँ पांच परिवार - हिंदू और मुस्लिम दोनों - एक ही मिट्टी के चूल्हे के चारों ओर अपनी बारी का इंतजार करते हैं। जमीन कालिख से काली पड़ चुकी है, दीवारें धुएं से धूसर हैं और हवा में वह सघन धुआं व्याप्त है जो आग बुझने के काफी बाद तक फेफड़ों में चुभता रहता है।

राजस्थान की मूल निवासी नदिया चूल्हे के पास बैठी अपनी सब्जी चला रही है। दो कमरों के एक कच्चे-पक्के मकान में रहने वाली नदिया बीच-बीच में अपनी आंखें पोंछती है - कभी धुएं के कारण, तो कभी थकान से। वह कहती है, 'पिछले चार-पांच दिनों से हम इसी चूल्हे पर खाना बना रहे हैं। न जगह है, न लकड़ी आसानी से मिलती है। धुएं ने जीना मुहाल कर दिया है, पर विकल्प क्या है? सिलेंडर बुक किए 10 दिन हो गए, अब तक नहीं आया।' यहाँ के अधिकांश निवासी दिहाड़ी मजदूर हैं, जिनकी आय अनिश्चित है। पास खड़ी एक अन्य महिला कहती है, 'कभी काम मिलता है, कभी नहीं। ऐसे में दो-तीन हजार रुपये कालाबाजारी में देना हमारे बस की बात नहीं है।'

अदृश्य कोलेटरल डैमेजः रिहाना और पपिया की व्यथा

यह संकट केवल चूल्हे तक सीमित नहीं है, इसके सामाजिक दुष्प्रभाव गहरे हैं। जय हिंद कैंप में महिलाएं सुबह 6 बजे से लाइन में लगती हैं और दोपहर 2 बजे तक प्रतीक्षा करने के बाद उन्हें अगले दिन आने को कह दिया जाता है। पपिया नामक निवासी ने बताया कि उन्हें दो दिनों तक बाहर के भोजन पर निर्भर रहना पड़ा, जो उनके लिए 'आर्थिक रूप से वहनीय' नहीं था।

रिहाना, जो वसंत कुंज की एक पॉश गेटेड सोसायटी में घरेलू सहायिका के रूप में कार्य करती है, कहती है कि इन लंबी कतारों ने उसकी नौकरी को खतरे में डाल दिया है। 'मेरी मालकिन कहती है कि एक घंटे से ज्यादा मत लगाओ। पर एक घंटे में कैसे होगा? आधा दिन लाइन में निकल जाता है, फिर घर आकर सारा काम भी करना पड़ता है।' मध्यम वर्ग की एक महिला के शब्द इस वर्ग की नियति को स्पष्ट करते हैं: 'हम गरीब हैं, इसलिए घंटों कतार में खड़े रहना हमारी वास्तविकता है। जब भी संकट आता है, हम जैसे लोग ही सबसे पहले शिकार होते हैं।'

आयात पर निर्भरता और मूल्य वृद्धि का चक्र

भारत की ऊर्जा सुरक्षा का ढांचा यद्यपि सुदृढ़ है, किंतु आयात पर उसकी निर्भरता उसकी सबसे बड़ी कमजोरी है। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सरकारी

> **पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएक) के आंकड़े बताते हैं कि पिछले तीन दशकों में भारत की एलपीजी खपत में छह गुना से अधिक की वृद्धि हुई है – 1998–99 के 446 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 2025–26 में 2,754 हजार मीट्रिक टन।**

रिफाइनरियां देश की एलपीजी मांग का केवल 40 प्रतिशत ही पूरा कर पाती हैं। शेष 60 प्रतिशत हिस्सा सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका जैसे देशों से आयात किया जाता है।

पेट्रोलियम प्लानिंग एंड एनालिसिस सेल (पीपीएक) के आंकड़े बताते हैं कि पिछले तीन दशकों में भारत की एलपीजी खपत में छह गुना से अधिक की वृद्धि हुई है - 1998-99 के 446 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 2025-26 में 2,754 हजार मीट्रिक टन। इस अवधि में प्राकृतिक गैस पाइपलाइन नेटवर्क भी 15,000 किमी से बढ़कर 25,000 किमी हो गया। उद्देश्य स्पष्ट थाः करोड़ों घरों को पारंपरिक ईंधन से मुक्त कर एक आधुनिक ऊर्जा प्रणाली में लाना। किंतु, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क 'सऊदी अनुबंध मूल्य' में हुई 63 प्रतिशत की वृद्धि ने इस तंत्र पर भारी दबाव डाल दिया है। वर्तमान में दिल्ली में 14.2 किलो के सिलेंडर की कीमत 803 रुपये है, जबकि उज्ज्वला लाभार्थियों के लिए यह प्रभावी रूप से 503 रुपये है। किंतु कालाबाजारी ने इन कीमतों को अप्रासंगिक बना दिया है।

गोविंदपुरी में रहने वाले संजय सिंह पिछले 25 वर्षों से समोसे, लिट्टी और आलू चाट की रेहड़ी चला रहे हैं। महज पांच रुपये प्रति आइटम बेचने वाले संजय दिन भर में बमुश्किल 200-400 रुपये बचा पाते हैं, जिससे उनका सात-आठ सदस्यों का परिवार पलता है। एलपीजी की कमी ने उनके चूल्हे और धंधे, दोनों को ठंडा कर दिया है। 'पिछले आठ दिनों से रेहड़ी बंद है। घरेलू सिलेंडर भी छह दिन बाद मिला। मेरी बेटी सुबह 6 बजे से 10 बजे तक लाइन में लगी, तब जाकर एक पर्ची मिली।' संजय ने कालाबाजारी में 400-500 रुपये प्रति किलो गैस भरने की कोशिश की, पर वह भी अब संभव नहीं है। आय का स्रोत बंद होने और बेटे के एक्सीडेंट के कारण बढ़ते खर्चों ने उन्हें गांव लौटने पर विचार करने को मजबूर कर दिया है।

ऐसी ही कहानी 'गुप्त जी' की है, जो छोले-पूरी का स्टाल लगाते हैं। गैस की कमी से उनका कारोबार आधा रह गया है। ऑनलाइन बुकिंग का कोई जवाब नहीं मिल रहा। स्टाल चलाने के लिए उन्होंने घर का सिलेंडर उपयोग किया, जिससे बच्चों को उनकी दादी के घर भेजना पड़ा। 'स्टाल पर पांच कर्मचारी काम करते हैं, उनके लिए पैसे कहाँ से लाऊं? स्थिति यही रही तो दुकान पूरी तरह बंद करनी होगी।'

शिक्षा के केंद्रों में पसरता सन्नाटा

एलपीजी संकट ने गोविंदपुरी और ओखला जैसे क्षेत्रों में रहने वाले उन हजारों छात्रों को भी प्रभावित किया है जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। यहाँ के पीजी और हॉस्टल, जो छात्रों को भोजन उपलब्ध कराते हैं, अब भोजन की थाली छोटी कर रहे हैं। रोटियों की संख्या कम हो गई है, सब्जियों की विविधता लुप्त हो गई है।

ओखला फेज 2 के एक पीजी में कर्मचारी अब गोबर के उपलों और लकड़ी पर खाना बना रहे हैं। ओखला के एक पीजी केयरटेकर आलम बताते हैं, 'हम सुबह 3 बजे उठकर लकड़ी का चूल्हा जलाते हैं ताकि 7 बजे तक नाश्ता तैयार हो सके। पूरा हॉल धुएं से भर जाता है, पर बच्चों को भूखा नहीं रख सकते।' फास्ट फूड, जो कभी सप्ताहांत का आनंद था, अब एक 'विशेषाधिकार' बन चुका है।

सरकारी तंत्र और जनता का संशय

बढ़ती चिंता के बीच, पेट्रोलियम मंत्रालय ने सभी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण (ई-केवाईसी) अनिवार्य कर दिया है। मंत्रालय का दावा है कि गैस

की पर्याप्त उपलब्धता है और समस्या 'जमाखोरी' के कारण उत्पन्न हुई है। एक पुलिस अधिकारी का कहना है कि लोग डर के मारे सिलेंडर जमा कर रहे हैं, जिससे कृत्रिम कमी पैदा हुई है।

किंतु जय हिंद कैंप में कतार में खड़े अनवर हुसैन जैसे लोगों के लिए ये स्पष्टीकरण किसी काम के नहीं हैं। 'अगर उपलब्धता समस्या नहीं है, तो फिर इतनी भ्रम की स्थिति और इतनी लंबी लाइनें क्यों हैं? पहले नोटबंदी की कतारें और अब गैस की - इस सरकार के साथ समस्याएं कभी खत्म नहीं होतीं।'

राजनयिक संतुलन और भविष्य की चुनौती

भारत इस समय पश्चिम एशिया में एक अत्यंत नाजुक राजनयिक संतुलन बना रहा है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तेहरान के साथ निरंतर बातचीत की पुष्टि की है। भारत के इजराइल के साथ घनिष्ठ संबंध हैं और अमेरिका के साथ बढ़ता रणनीतिक सहयोग है, किंतु ईरान के साथ उसके पुराने राजनैतिक और आर्थिक हित जुड़े हैं। नई दिल्ली के लिए खाड़ी में वाणिज्यिक नौवहन मार्गों की सुरक्षा केवल एक भू-राजनीतिक चिंता नहीं, बल्कि एक अनिवार्य आर्थिक आवश्यकता है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने तेहरान के साथ निरंतर बातचीत की पुष्टि की है। भारत के इजराइल के साथ घनिष्ठ संबंध हैं और अमेरिका के साथ बढ़ता रणनीतिक सहयोग है, किंतु ईरान के साथ उसके पुराने राजनैतिक और आर्थिक हित जुड़े हैं।

धुएं से घिरा भविष्य

मार्च 2026 का यह एलपीजी संकट केवल एक ईंधन की कमी नहीं है, बल्कि यह एक चेतावनी है कि हमारी 'स्वच्छ ऊर्जा' का भविष्य कितनी असुरक्षित धागों से बंधा है। जब तक हॉर्मुज की धमनियां युद्ध के अवरोधों से मुक्त नहीं होतीं, तब तक गोविंदपुरी की शीला को बुखार में लकड़ी पर खाना बनाना पड़ेगा और संजय सिंह की रेहड़ी बंद रहेगी।

आंकड़ों और योजनाओं के भव्य महलों के नीचे, आज भारत की एक बड़ी आबादी धुएं और कालिख के उस अतीत में लौटने को विवश है, जिसे वह पीछे छोड़ आई थी। यह संकट सिद्ध करता है कि 21वीं सदी में युद्ध का भूगोल भले ही सात समंदर पार हो, उसकी आंच सीधे गरीब की थाली तक पहुंचती है। भारत को अपनी ऊर्जा आत्मनिर्भरता के लिए केवल कूटनीति नहीं, बल्कि सामरिक विकल्पों और घरेलू उत्पादन के सुदृढ़ीकरण की ओर देखना होगा। अन्यथा, भविष्य की हर मिसाइल का धमाका हमारे रसोई घरों में शांति का अंत करता रहेगा। ●

सत्य सदैव

से जुड़ें

विचारों का सच्चा संगम

सत्य सदैव वह मंच है जहां विविध दृष्टिकोण, अनुभव और विचार एक साथ मिलते हैं। यह उन जिज्ञासु और जागरूक पाठकों का मंच है जो अपने समय के राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रश्नों को गहराई से समझना चाहते हैं। हमारा प्रयास केवल समाचार देना नहीं, बल्कि विचारों का ऐसा संवाद स्थापित करना है जहां मतभेद के बावजूद सार्थक चर्चा हो सके। सत्य सदैव अपने पाठकों को एक ऐसा बौद्धिक मंच प्रदान करता है जहां खुली सोच, तर्कपूर्ण विमर्श और परस्पर सम्मान के साथ हम अपने समाज और दुनिया को समझने की दिशा में आगे बढ़ते हैं।

सत्य सदैव को सब्सक्राइब करें

और बनें उस समुदाय का हिस्सा जो सत्य, संवाद और विचार की शक्ति में विश्वास रखता है।

केवल ₹ 30 प्रति अंक

अभी ऑर्डर करें: satyasadev.com

satyasadev.com का असीमित एक्सेस	विज्ञापन-मुक्त साइट ब्राउज़ करें	विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध	शीघ्र ही YouTube पर भी होगी हमारी मौजूदगी

सब्सक्रिप्शन का वार्षिक ₹ 300। यह ऑफर केवल नए सब्सक्राइबर्स के लिए है।

श्रीराजेश

भारत की राजनीतिक धरती पर पांच राज्यों का चुनावी संग्राम केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि विचारधाराओं के निर्णायक टकराव का मंच बन चुका है। यह मुकाबला आने वाले वर्षों में देश की दिशा, दशा और लोकतांत्रिक संतुलन को परिभाषित करेगा।

सत्ता संग्राम

यह वसंत वेला भारत के राजनैतिक मानचित्र पर केवल ऋतु परिवर्तन का संदेश लेकर नहीं आई है, बल्कि यह उन पांच राज्यों के भाग्य निर्धारण का कालखंड है, जिनकी गूंज दिल्ली के सत्ता-गलियारों को आंदोलित करने वाली है। इस चुनावी दंगल में सभी पक्ष अपनी पूरी सामरिक क्षमता के साथ ताल ठोक रहे हैं। यह मात्र सत्ता का हस्तांतरण नहीं, बल्कि विचारधाराओं का वह घर्षण है जो भविष्य की भारतीय राजनीति की नई दिशा और दशा तय करेगा। इन पांचों राज्यों में सर्वाधिक चर्चा, कौतूहल और विभीषिका का केंद्र 'पश्चिम बंगाल' बना हुआ है। प्रश्न वही है जो पिछले एक दशक से अनुत्तरित है - क्या ममता बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल अपना अजेय दुर्ग बचा पाएगी, या भारतीय जनता पार्टी की केसरिया लहर इस बार गंगा के तटों पर सत्ता का नया इतिहास अंकित करेगी?

पश्चिम बंगाल: गढ़ बचाने और भेदने के तीखे तेवर

पश्चिम बंगाल की राजनीति आज उस मोड़ पर खड़ी है जहां स्मृतियां और महत्वाकांक्षाएं परस्पर टकरा रही हैं। पूरब का यह राज्य भाजपा की अखिल भारतीय चुनावी विजय के रथ के सामने एक सुदृढ़ और दुर्गम प्राचीर बनकर खड़ा है। वर्ष 2011 में जब तीन दशकों के वामपंथी शासन का अवसान हुआ और ममता बनर्जी ने सत्ता की बागडोर संभाली, तब से बंगाल का राजनैतिक परिदृश्य आमूल-चूल परिवर्तित हो चुका है। 2011 में जिस भाजपा का अस्तित्व शून्य सीटों पर सिमटा था, उसका आज मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरना किसी राजनैतिक चमत्कार से कम नहीं है। इस परिवर्तन ने बंगाल के पारंपरिक समीकरणों को ध्वस्त कर दिया है।

कभी राज्य की नियति तय करने वाली वामपंथी पार्टियां और कांग्रेस आज अपने अस्तित्व और प्रासंगिक होने की अंतिम लड़ाई लड़ रही हैं। अब यह युद्ध द्वि-ध्रुवीय है - तृणमूल कांग्रेस बनाम भाजपा।

294 विधानसभा सीटों के इस विशाल रणांगण में दोनों पक्ष बहुमत के जादुई आंकड़े (148 सीटें) को पार करने के लिए व्याकुल हैं। 2021 का चुनाव इतिहास के पन्नों में तृणमूल की उस अभूतपूर्व विजय के लिए दर्ज है, जहां उसने 215 सीटें जीतकर अपनी जड़ें पुनः गहरी कर ली थीं। उस समय भाजपा 77 सीटों पर थम गई थी, जबकि कांग्रेस और माकपा का खाता तक न खुल पाना भारतीय संसदीय इतिहास की एक विद्रूप घटना थी। किंतु 2026 का परिदृश्य 2016 की तुलना में पूर्णतः भिन्न है। 2016 में जब तृणमूल के पास 211 सीटें थीं, तब कांग्रेस और माकपा क्रमशः

पिछले कुछ महीनों से ममता बनर्जी निर्वाचन आयोग की 'विशेष सघन पुनरीक्षण' (एसआईआर) मुहिम के विरुद्ध एक प्रचंड प्रतिरोधी स्वर बनकर उभरी हैं। आयोग पर उनके निरंतर प्रहारों और इस मुहिम को लेकर जताई गई चिंताओं ने राज्य के जनमानस में एक संशय की स्थिति उत्पन्न कर दी है।

44 और 26 सीटों के साथ एक प्रभावी विपक्ष थे, और भाजपा मात्र 3 सीटों के साथ हाशिये पर थी। आज का यथार्थ यह है कि विपक्ष का अर्थ केवल भाजपा है।

इस महासमर का सबसे रोमांचकारी पक्ष मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और प्रतिपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के बीच का व्यक्तिगत और राजनैतिक द्वंद्व है। शुभेंदु अधिकारी इस बार रणनीतिक आक्रामकता का परिचय देते हुए दो सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं। वे अपनी परंपरागत नंदीग्राम की सीट के साथ-साथ कोलकाता के हृदय स्थल 'भवानीपुर' में ममता बनर्जी को उनके घर में चुनौती दे रहे हैं। यह दृश्य 2021 का विलोम है, जब ममता बनर्जी ने नंदीग्राम जाकर शुभेंदु को ललकारा था और एक अत्यंत सूक्ष्म अंतर से पराजित हुई थीं।

किंतु यह लड़ाई केवल दो चेहरों तक सीमित नहीं है। तृणमूल की ओर से फिरहाद हकीम, ब्रात्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, अरूप राय, सुजीत बोस और शशि पांजा जैसे अनुभवी योद्धा मोर्चा संभाले हुए हैं, तो दूसरी ओर भाजपा ने शंकर घोष, अग्निमित्रा पॉल, अशोक लाहिड़ी और नीरज तमांग जिम्बा जैसे प्रखर वक्ताओं और रणनीतिकारों को मैदान में उतारा है। इसके अलावा भाजपा द्वारा 40 स्टार प्रचारकों को भी चुनावी रण में मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। पर्दे के पीछे तृणमूल के महासचिव अभिषेक बनर्जी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य संगठन की गोटियाँ सेट करने में अहोरात्र संलग्न हैं।

पिछले कुछ महीनों से ममता बनर्जी निर्वाचन आयोग की 'विशेष सघन पुनरीक्षण' (एसआईआर) मुहिम के विरुद्ध एक प्रचंड प्रतिरोधी स्वर बनकर उभरी हैं। आयोग पर उनके निरंतर प्रहारों और इस मुहिम को लेकर जताई गई चिंताओं ने राज्य के जनमानस में एक संशय की स्थिति उत्पन्न कर दी है। विषय की गंभीरता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि वे स्वयं सर्वोच्च न्यायालय में अपनी दलीलें रखने पहुंचीं। न्यायालय के हस्तक्षेप के पश्चात भी एसआईआर की स्थिति एक पहेली बनी हुई है। लगभग 90 लाख

मतदाता 'संदिग्ध सूची' के अंधकार में हैं और वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़ने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। एसआईआर के मुद्दे को लेकर बीते दिनों मालदा में जिस प्रकार न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाया गया और उग्र प्रदर्शन किये गये तत्पश्चात पुलिस की कार्रवाई ने बंगाल चुनाव की दिशा बदली है। यह मुद्दा केवल तकनीकी नहीं, बल्कि बंगाल की अस्मिता और लोकतांत्रिक शुचिता का प्रश्न बन चुका है।

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तिथियों की घोषणा के उपरांत जिस तीव्र गति से मुख्य सचिव, गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक और कोलकाता पुलिस कमिश्नर सहित 50 से अधिक वरिष्ठ अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया, उसे ममता बनर्जी ने भाजपा के अनुकूल 'मैदान तैयार करने' की साजिश करार दिया है। तृणमूल का तर्क है कि असम जैसे राज्यों में आयोग का यह कठोर रवैया अदृश्य रहा, जो उसकी निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। राज्य में आर.एन. रवि जैसे विवादास्पद राज्यपाल की नियुक्ति ने इस अग्नि में घी का कार्य किया है।

ममता बनर्जी की राजनैतिक दीर्घायु का मुख्य आधार उनकी कल्याणकारी योजनाएं रही हैं। 'लक्ष्मी भंडार' जैसी योजनाओं ने ग्रामीण बंगाल की महिलाओं और अल्पसंख्यक समुदायों के बीच तृणमूल के वोट बैंक को एक अभेद्य दुर्ग में परिवर्तित कर दिया है। हालिया अंतरिम बजट में 'युवा साथी योजना' और लक्ष्मी भंडार की राशि में वृद्धि कर ममता ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। इसके प्रत्युत्तर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी बंगाल यात्राओं के दौरान केंद्र की जन-कल्याणकारी योजनाओं, रोजगार सृजन और समग्र विकास के भाजपाई दृष्टिकोण को जनता के सम्मुख रखा है। यहां लड़ाई 'राज्य बनाम केंद्र' के लाभों की है।

भाजपा के लिए 'घुसपैठ' सदैव एक उर्वर मुद्दा रहा है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने पुनः संकल्प दोहराया है कि वे राज्य की डेमोग्राफी (जनसांख्यिकी) में हो रहे अवांछित परिवर्तनों को रोकने के लिए 'अवैध घुसपैठियों' - विशेषकर बांग्लादेश की सीमाओं से आने वाले तत्वों - को निष्कासित करेंगे। प्रधानमंत्री सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) के माध्यम से मतुआ समुदाय को नागरिकता देने का आश्वासन दे रहे हैं, किंतु धरातल पर दस्तावेजों की कमी के कारण अभी भी संशय के बादल मंडरा रहे हैं। तृणमूल इसे भाजपा की 'विभाजनकारी नौटंकी' बताकर खारिज कर रही है।

यद्यपि तृणमूल ने संसद में 40 प्रतिशत महिला भागीदारी सुनिश्चित कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है, किंतु आरजी कर अस्पताल कांड और दक्षिण कोलकाता लॉ कॉलेज जैसी घटनाओं ने राज्य में महिला सुरक्षा के दावों की धज्जियां उड़ा दी हैं। भाजपा ने इस

संवेदनशील मुद्दे को अपने चुनावी अभियान के केंद्र में रखा है और पीड़ित परिवारों को प्रतिनिधित्व देकर जन-संवेदनाओं को झकझोरने का प्रयास किया है। वहीं, तृणमूल अन्य राज्यों की घटनाओं का हवाला देकर भाजपा को 'मूलतः महिला-विरोधी' प्रमाणित करने में जुटी है।

सांस्कृतिक राष्ट्रवाद बंगाल के रण का अंतिम और सबसे प्रभावी अस्त्र है। तृणमूल निरंतर भाजपा को 'बाहरी' (बहिरागत) पार्टी के रूप में चित्रित करती है, जो बंगाल के प्रतीकों - रवींद्रनाथ टैगोर और सुभाष चंद्र बोस - को आत्मसात करने का निष्फल प्रयास कर रही है। ममता का तर्क है कि बंगाल का राष्ट्रवाद भाजपा के 'हिंदुत्व' के सांचे में नहीं समा सकता। दूसरी ओर, भाजपा अब बंगाली मनीषियों और स्वतंत्रता सेनानियों के गौरव गान के माध्यम से यह सिद्ध करने का प्रयास कर रही है कि वह बंगाल की समृद्ध विरासत की वास्तविक संरक्षक है।

यह लड़ाई केवल सत्ता की नहीं, बल्कि बंगाल की आत्मा को अपने रंग में रंगने की है। जो भी जीते, उसके परिणाम न केवल हावड़ा ब्रिज के उस पार दिखेंगे, बल्कि दिल्ली के रायसीना हिल्स तक महसूस किए जाएंगे।

असम: ब्रह्मपुत्र की लहरों पर महत्वाकांक्षाओं का ज्वार

9 अप्रैल की ऐतिहासिक तिथि ने केवल मतपेटियों को ही नहीं भरा, बल्कि असम के लाखों नागरिकों की सामूहिक आकांक्षाओं और उनके गुप्त निर्णयों को भी विधिक रूप से सील कर दिया है। मतदान केंद्रों पर उमड़ा जनसैलाब और मतदान प्रतिशत के उच्च आंकड़े यह प्रमाणित करते हैं कि जनता ने इस लोकतांत्रिक अनुष्ठान में पूर्ण समर्पण के साथ आहुति दी है। किंतु, वास्तविक विद्रूपता आंकड़ों की प्रचुरता में नहीं, बल्कि उस दिशा में निहित है, जिसे पहचानने में राजनैतिक पंडित भी स्वयं को असमर्थ पा रहे हैं। असम का यह चुनाव अब केवल चुनावी गणित का विषय नहीं रहा, बल्कि यह भावनाओं, क्षेत्रीय अस्मिता और दीर्घकालिक सत्ता-संतुलन का एक जटिल समीकरण बन चुका है।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और कांग्रेस के युवा सारथी गौरव गोगोई के मध्य छिड़ा यह संघर्ष अब अपने उस चरमोत्कर्ष पर है, जहां तर्क मौन हो जाते हैं और केवल परिणाम बोलते हैं। निर्वाचन अभियान के दौरान जो प्रखर और तीक्ष्ण प्रहार देखे गए, उन्होंने इस विमर्श को केवल वैचारिक मतभेदों तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि इसे एक 'व्यक्तिगत साख' के महायुद्ध में परिवर्तित कर दिया।

असम के इतिहास में यह एक दुर्लभ संयोग रहा कि इस बार राजनैतिक भविष्य का निर्धारण 'बिहू' के पवित्र पर्व से पूर्व ही संपन्न हो गया। बिहू केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि असमिया प्राण-तत्व की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है। उत्सव के उमंग और चुनावी तनाव का यह मिलन जनता के मनोविज्ञान पर एक गहरा प्रभाव डालता है।

सरमा का आत्मविश्वास उस सांगठनिक सुदृढ़ता पर आधारित है, जिसे भारतीय जनता पार्टी ने पिछले एक दशक में असम के दुर्गम अंचलों और विविध समुदायों के भीतर रोपित किया है। इसके विपरीत, गौरव गोगोई की रणनीति 'परिवर्तन की उस अदृश्य लहर' पर टिकी है, जिसके विषय में उनका दावा है कि वह सत्ता की जड़ों को हिलाने के लिए पर्याप्त है। मतदान के पश्चात यह स्पष्ट है कि यह केवल दो व्यक्तियों की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह दो भिन्न राजनैतिक दर्शनों के टकराव का अंतिम प्रतिवेदन है।

धरातल से प्राप्त होने वाले संकेत किसी पहेली की भांति उलझे हुए हैं। महानगरीय और शहरी क्षेत्रों में भाजपा का अभेद्य कवच सुरक्षित प्रतीत होता है, जहां विकास और सुदृढ़ नेतृत्व के नारों ने मध्यम वर्ग को सम्मोहित किया है। किंतु, ग्रामीण अंचलों से उठने वाले असंतोष के स्वर और आर्थिक मंदी की आहट ने सत्ताधारी दल की धड़कनें बढ़ा दी हैं। विशेष रूप से अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों में जिस प्रकार की राजनैतिक सक्रियता और विपक्षी ध्रुवीकरण देखा गया है, वह किसी बड़े उलटफेर की ओर संकेत कर सकता है। यह अनिश्चितता ही इस चुनाव को एक 'क्लासिक थ्रिलर' (क्लासिक थ्रिलर) का स्वरूप प्रदान कर रही है, जहां कड़े मुकाबले की संभावना ने दोनों पक्षों को सशंकित कर रखा है।

असम के इतिहास में यह एक दुर्लभ संयोग रहा कि इस बार राजनैतिक भविष्य का निर्धारण 'बिहू' के पवित्र पर्व से पूर्व ही संपन्न हो गया। बिहू केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि असमिया प्राण-तत्व की सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है। उत्सव के उमंग और चुनावी तनाव का यह मिलन जनता के मनोविज्ञान पर एक गहरा प्रभाव डालता है। अब जब मतदान की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, असम का जनमानस 'उत्सव के आनंद' और 'परिणाम के संशय' के मध्य एक विचित्र मानसिक अवस्था में खड़ा है।

निर्वाचन की घोषणा से ठीक पूर्व सरमा सरकार ने जिस तीव्रता के साथ 'डैमेज कंट्रोल' (क्षति-निवारण) की गोटियाँ बिछाईं, वह किसी सोची-समझी सामरिक योजना का हिस्सा प्रतीत होती है।

आर्थिक सहायता की वर्षा, युवाओं के हाथों में नियुक्ति पत्रों का समर्पण और 'रुद्र' जैसे कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित डिजिटल अनुप्रयोगों का अनावरण - इन सबके माध्यम से शासन ने अंतिम क्षणों में जनसमर्थन को अपनी ओर मोड़ने का भगीरथ प्रयास किया। अब प्रश्न यह है कि क्या ये 'डिजिटल अस्त्र' और 'तात्कालिक लाभ' मतदाताओं के मन को परिवर्तित करने में सफल रहे, या यह केवल एक भव्य चुनावी प्रबंधन मात्र बनकर रह गया?

कांग्रेस ने इस बार अपनी रणनीति के केंद्र में 'असमिया उप-राष्ट्रीयता' को स्थान दिया और क्षेत्रीय दलों के साथ एक साझा मोर्चा निर्मित किया। किंतु, मतदान के पश्चात सबसे प्रखर प्रश्न यही है कि क्या यह गठबंधन धरातल पर एक 'एकीकृत शक्ति' के रूप में क्रियान्वित हुआ, या यह केवल सत्ता की आकांक्षा में किया गया एक 'अवसरवादी समझौता' था? यदि इस एकजुटता के भीतर अविश्वास की दरारें रहीं, तो विपक्ष के लिए परिणाम अत्यंत पीड़ादायक हो सकते हैं।

मतदान के पश्चात का सबसे रोमांचक पक्ष जनता का वह 'मौन' है, जो किसी भी राजनैतिक विश्लेषण को ध्वस्त करने की सामर्थ्य रखता है। अब न रैलियों का कोलाहल है, न भाषणों की गर्जना और न ही आरोपों की वर्षा। किंतु इस निःशब्द वातावरण के भीतर एक सुस्पष्ट निर्णय सुरक्षित है। क्या जनता ने शासन की निरंतरता और स्थिरता को प्राथमिकता दी है? या फिर इस मौन के पीछे 'सत्ता-परिवर्तन' की वह ज्वाला सुलग रही है जो 4 मई को प्रस्फुटित होगी?

दोनों पक्ष अब अपनी 'पोस्ट-रिजल्ट' (पोस्ट-रिजल्ट) रणनीतियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। भाजपा अपने सांगठनिक तंत्र को सतर्क रखे हुए है, तो कांग्रेस और उसके सहयोगी प्रत्येक संदेहास्पद संकेत पर दृष्टि बनाए हुए हैं।

असम का यह निर्णय केवल एक राज्य की सत्ता का निर्धारण नहीं करेगा, बल्कि यह समूचे पूर्वोत्तर भारत के लिए एक 'राजनैतिक प्रकाश-स्तंभ' सिद्ध होगा। यदि भाजपा यहाँ अपनी सत्ता की रक्षा करने में सफल होती है, तो उसका क्षेत्रीय प्रभुत्व एक नए शिखर को स्पर्श करेगा। किंतु, यदि विपक्ष अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा पुनः प्राप्त करता है, तो यह भारतीय राजनीति में एक नए शक्ति-संतुलन के अभ्युदय का शंखनाद होगा।

मतपेटियां बंद हैं, किंतु राजनीति का वास्तविक द्वार अब खुलने को है। 4 मई 2026 को जब नियति का पिटारा खुलेगा, तब यह स्पष्ट होगा कि असम ने स्थिरता का वरदान दिया है या परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है।



मुख्यमंत्री रंगास्वामी के नेतृत्व वाली एन.आर. कांग्रेस-भाजपा गठबंधन सरकार के लिए यह निर्वाचन केवल सत्ता की रक्षा का उपक्रम नहीं, बल्कि उनके कार्यकाल पर जनता के अंतिम प्रतिवेदन की कसौटी है। 2021 में जिस 'डबल इंजन' (डबल इंजन) के नैरेटिव ने पुदुच्चेरी को विकास और स्थिरता का स्वप्न दिखाया था, आज वही दावा जन-अदालत में कठघरे में खड़ा है।

पुदुच्चेरी: फ्रांसीसी झरोखों से झांकता 'डबल' इम्तहान

पुदुच्चेरी के नीले समंदर की लहरें सामान्यतः शांति का संदेश देती हैं, किंतु 9 अप्रैल की संध्या के पश्चात यहाँ का वातावरण एक रहस्यमयी राजनैतिक मंथन का साक्षी बन चुका है। महज 30 सीटों वाली लघु विधानसभा वाला यह केंद्र शासित प्रदेश आज परिणामों की उस देहरी पर खड़ा है, जहाँ पहचान की राजनीति और व्यवस्था के प्रति उपजा रोष एक नया समीकरण गढ़ रहे हैं। प्रारंभिक रुझानों के अनुसार, मतदान का प्रतिशत न केवल संतुलित रहा, बल्कि शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण और अर्ध-शहरी अंचलों में मतदाताओं की सक्रियता ने राजनैतिक पंडितों को विस्मय में डाल दिया है। यह प्रतिमान स्पष्ट करता है कि यह चुनाव केवल 'गठबंधन की गणित' नहीं, बल्कि स्थानीय यथार्थ और जन-संवेदनाओं का एक सघन अधि-वृतांत बन चुका है।

मुख्यमंत्री रंगास्वामी के नेतृत्व वाली एन.आर. कांग्रेस-भाजपा गठबंधन सरकार के लिए यह निर्वाचन केवल सत्ता की रक्षा का उपक्रम नहीं, बल्कि उनके कार्यकाल पर जनता के अंतिम प्रतिवेदन की कसौटी है।

2021 में जिस 'डबल इंजन' (डबल इंजन) के नैरेटिव ने पुदुच्चेरी को विकास और स्थिरता का स्वप्न दिखाया था, आज वही दावा जन-अदालत में कठघरे में खड़ा है। यद्यपि सरकार ने केंद्र के साथ समन्वय और विकास योजनाओं को अपनी महती उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया, किंतु मतदान के पश्चात उभरने वाले संकेत एक भिन्न ही सत्य का उद्घाटन कर रहे हैं। कई क्षेत्रों में दर्ज किया गया मौन असंतोष यह इंगित करता है कि विकास के दावों और धरातल की विसंगतियों के मध्य एक अगाध खाई विद्यमान है।

इस निर्वाचन का सबसे सूक्ष्म, किंतु सर्वाधिक विनाशकारी मुद्दा रसोई गैस (एलपीजी) का संकट सिद्ध हुआ है। बढ़ती हुई कीमतें, आपूर्ति की अनियमितता और घरेलू बजट पर पड़ता अतिरिक्त दबाव - इन कारकों ने साधारण मतदाता के भीतर एक ऐसी राजनैतिक ऊष्मा उत्पन्न की है, जिसने बड़े-बड़े विमर्शों को पृष्ठभूमि में धकेल दिया है। विशेषकर महिलाओं और निम्न-मध्यम वर्ग के बीच यह विषय एक निर्णायक कारक बनकर उभरा है। मतदान के पैटर्न (पैटर्न) से यह आभास होता है कि रसोई की यह आंच सत्ताधारी गठबंधन के 'विकास-वाद' को झुलसाने की सामर्थ्य रखती है।

कांग्रेस-द्रमुक गठबंधन ने इस बार सत्ता पक्ष को एक सुदृढ़ चुनौती देने का भगीरथ प्रयास किया है। 2024 के लोकसभा चुनावों की सफलता ने विपक्षी खेमे में आत्मविश्वास का संचार तो किया, किंतु सीटों के तालमेल और नेतृत्व के प्रश्नों ने उनके भीतर व्याप्त खटास को भी सार्वजनिक कर दिया। विपक्षी खेमा यद्यपि सत्ता-परिवर्तन के प्रति आशावादी है, किंतु यह प्रश्न अभी भी अनुत्तरित है कि क्या उनका आंतरिक असंतुलन परिणामों के समय 'आत्मघाती' सिद्ध होगा? पुदुच्चेरी की प्रबुद्ध जनता ने विपक्ष के इस अंतर्विरोध को किस दृष्टि से देखा है, इसका प्रकटीकरण 4 मई को ही संभव होगा।

पुदुच्चेरी के इस संकुचित चुनावी रणक्षेत्र में 'तमिलार काछि' जैसे लघु दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों का प्रभाव इस बार अप्रत्याशित रहा है। जिन सीटों पर कड़े और त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति है, वहां ये सूक्ष्म राजनैतिक इकाइयां 'किंगमेकर' (किंगमेकर)

की भूमिका का निर्वाह कर सकती हैं। यह पुदुच्चेरी की विशिष्ट राजनैतिक संस्कृति का ही परिचायक है कि यहाँ छोटे-छोटे समूह भी बड़े अधिष्ठानों के समीकरणों को ध्वस्त करने की सामर्थ्य रखते हैं। पुदुच्चेरी का यह निर्वाचन भारतीय जनता पार्टी के लिए केवल एक क्षेत्रीय संघर्ष नहीं है, बल्कि यह दक्षिण भारत में उनकी दीर्घकालिक विस्तारवादी रणनीति की एक महत्वपूर्ण 'राजनैतिक प्रयोगशाला' है। यदि यह गठबंधन पुनः सत्ता प्राप्त करने में सफल होता है, तो यह भाजपा के दक्षिणी विस्तार को एक नई ऊर्जा और विधिक मान्यता प्रदान करेगा। इसके विपरीत, यदि परिणाम प्रतिकूल रहे, तो यह उनके 'डबल इंजन' मॉडल पर गंभीर प्रश्नचिन्ह अंकित कर सकता है। पुदुच्चेरी आज एक ऐसे ऐतिहासिक क्षण में खड़ा है, जहाँ सतह पर समंदर की चिर-परिचित शांति है, किंतु गहराई में जनमत का एक प्रचंड तूफ़ान आकार ले रहा है। मतदान के पश्चात का यह अंतराल केवल प्रतीक्षा की घड़ियाँ नहीं हैं, बल्कि यह एक नए राजनैतिक पुनर्संतुलन की प्रस्तावना है। क्या रंगास्वामी का अनुभव और 'डबल इंजन' का आकर्षण जनता की कसौटी पर खरा उतरेगा? या पुदुच्चेरी की जनता एक बार फिर अपनी पुरानी राजनैतिक धाराओं की ओर लौटने का निर्णय सुनाएगी? लहरें मौन हैं, किंतु पुदुच्चेरी की राजनीति में नियति का निर्णय अपना शंखनाद करने को आतुर है।

तमिलनाडु: द्रविड़ अस्मिता और राजनैतिक अस्तित्व का महासंग्राम

दक्षिण भारत की राजनीति का हृदय कहा जाने वाला तमिलनाडु आज एक ऐसे चौराहे पर खड़ा है जहां प्राचीन द्रविड़ गौरव और आधुनिक राजनैतिक महत्वाकांक्षाओं का घर्षण एक नई ऊर्जा उत्पन्न कर रहा है। कुल 234 सीटों के लिए 23 अप्रैल को होने वाला मतदान केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह उस विचारधारात्मक वर्चस्व की लड़ाई है जिसने दशकों से इस राज्य की नियति को गढ़ा है। निर्वाचन की घोषणा से पूर्व ही यहाँ मोर्चेबंदी इस कदर सघन हो चुकी थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति और मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के 'द्रविड़ नैरेटिव' ने वातावरण को पूर्णतः चुनावी रंग में रंग दिया। मुख्यमंत्री स्टालिन इस चुनाव को 'एनडीए बनाम तमिलनाडु' के युद्ध के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं। उनका उद्देश्य अत्यंत स्पष्ट है - मुख्य प्रतिद्वंद्वी अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) से उसकी द्रविड़ पहचान छीनकर उसे एक ऐसे गठबंधन के हिस्से के रूप में चित्रित करना, जो कथित रूप से तमिल संस्कृति और संघीय ढांचे के विरुद्ध खड़ा है। राज्यपाल आर.एन. रवि के साथ उनका दीर्घकालिक टकराव और विधानसभा के विधेयकों को लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक गई

लड़ाई ने स्टालिन को 'तमिल अधिकारों के रक्षक' के रूप में स्थापित करने में सहायता की है।

इस बार तमिलनाडु के रणांगण में सबसे चर्चित और अनिश्चित तत्व अभिनेता विजय की पार्टी 'तमिलगा वेत्री कड़गम' (टीवीके) का प्रवेश है। यद्यपि राजनैतिक विश्लेषक उनके वास्तविक चुनावी प्रभाव को लेकर संशय में हैं, किंतु उनकी रैलियों में उमड़ता जनसैलाब पारंपरिक दलों की धड़कनें बढ़ाने के लिए पर्याप्त है। चर्चाएं तो यहां तक थीं कि भाजपा ने विजय को उप-मुख्यमंत्री पद का प्रलोभन देकर एनडीए में लाने का प्रयास किया, किंतु अपनी स्वतंत्र तमिल पहचान खोने के भय से विजय ने 'एकला चलो' की नीति अपनाई। क्या यह भीड़ वोटों में परिवर्तित होगी या यह केवल एक फिल्मी सितारे के प्रति आकर्षण मात्र है, इसका उत्तर 4 मई के गर्भ में छिपा है।

अन्नाद्रमुक आज अपने इतिहास के सबसे कठिन दौर से गुजर रही है। जयललिता के अवसान के पश्चात प्रारंभ हुई सत्ता की होड़ ने पार्टी को खंडित कर दिया है। एडप्पादी के. पलानीस्वामी (ईपीएस) के समक्ष चुनौती केवल चुनाव जीतने की नहीं, बल्कि यह सिद्ध करने की भी है कि वरिष्ठ नेताओं के पलायन के उपरांत भी अन्नाद्रमुक ही द्रमुक-विरोधी राजनीति का मुख्य केंद्र है। ओ. पनीरसेल्वम (ओपीएस) का द्रमुक की ओर झुकाव दक्षिण तमिलनाडु के 'मुक्कुलतोर' समुदाय के समीकरणों को बिगाड़ सकता है।

तंत्र तथा संघ परिवार के बीच कथित साठगांठ जैसे मुद्दों ने सरकार की छवि को क्षति पहुँचाई है। उच्च शिक्षा के गिरते स्तर के कारण युवाओं का विदेशों की ओर पलायन एक ऐसा घाव है, जिस पर विपक्ष निरंतर प्रहार कर रहा है।

कांग्रेस के लिए केरलम इस समय देश का सबसे महत्वपूर्ण राजनैतिक आधार है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की वायनाड से संलग्नता यह दर्शाती है कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व केरलम को अपनी अंतिम शक्ति के रूप में देख रहा है। एक दशक से सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस संगठन में शिथिलता आई है और गुटबाजी चरम पर है। यदि इस बार भी यूडीएफ विफल रहता है, तो उसके सहयोगी दलों, विशेषकर 'इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग', का मोहभंग हो सकता है, जो कांग्रेस के लिए एक अस्तित्वगत संकट (एक्जिस्टेंशियल क्राइसिस) उत्पन्न कर देगा।

राज्य में भाजपा का वोट शेयर निरंतर बढ़ रहा है, जो कांग्रेस और वामपंथियों के लिए चिंता का विषय है। 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने 11 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त बनाई थी, जिससे एनडीए को इस बार कम से कम 3 से 5 सीटें जीतने की आशा है। केरलम की राजनीति में 48 प्रतिशत अल्पसंख्यक मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। मुस्लिम मतदाताओं का यूडीएफ की ओर झुकाव और ईसाई मतदाताओं के एक वर्ग का भाजपा की ओर बढ़ता रुझान इस बार के नतीजों को अप्रत्याशित बना सकता है।

वहीं, भाजपा यहाँ 'लॉन्ग टर्म' (दीर्घकालिक) खेल खेल रही है। के. अन्नामलाई के सांगठनिक प्रयोगों और वर्तमान नेतृत्व के बीच के अंतर्विरोधों के मध्य भाजपा की दृष्टि 2031 के चुनावों पर है। पार्टी का लक्ष्य अन्नाद्रमुक को हाशिये पर धकेलकर तमिलनाडु के मुकाबले को 'द्रमुक बनाम भाजपा' में परिवर्तित करने का है।

केरलम: विचारधारा की अंतिम शरणस्थली और अस्तित्व का संकट

केरलम, जिसे 'ईश्वर का अपना देश' कहा जाता है, आज अपनी 16वीं विधानसभा के निर्वाचन के लिए सन्नद्ध है। यहां की राजनीति दशकों से दो ध्रुवों - एलडीएफ (वाम मोर्चा) और यूडीएफ (कांग्रेस नीत गठबंधन) - के बीच झूलती रही है। किंतु पिछले चुनाव में मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के नेतृत्व में एलडीएफ ने दोबारा सत्ता में आकर इस चक्र को तोड़ दिया। इस बार का चुनाव न केवल राज्य के लिए, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर वामपंथी राजनीति की प्रासंगिकता के लिए भी निर्णायक है।

पिनराई सरकार ने अपने कार्यकाल में वामपंथ की पारंपरिक जड़ता को त्यागकर विकास और पूंजी निवेश के प्रति एक व्यवहारिक (प्रैग्मेटिक) दृष्टिकोण अपनाया है। बुनियादी ढांचे का विकास और कोविड-19 तथा विनाशकारी बाढ़ के दौरान सरकारी प्रबंधन उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। किंतु, आरोपों के काले बादल भी कम सघन नहीं हैं। सबरीमला में स्वर्ण चोरी, भाई-भतीजावाद और पुलिस

